सत्यमेव जयते

**राजस्थान सरकार**

# निदेशालय कोष एवम् लेखा
# वित्त भवन, जनपथ
# जयपुर



# प्रशासनिक प्रतिवेदन
# वर्ष 2025–2026

**दूरभाष : 2740239, 2744861 फैक्स नम्बर – 2742309**
**E-MAIL : dir-ta-rj@nic.in**

सत्यमेव जयते

**राजस्थान सरकार**

## निदेशालय कोष एवम् लेखा
## वित्त भवन, जनपथ
## जयपुर

# प्रशासनिक प्रतिवेदन
# वर्ष 2025–2026

दूरभाष : 2740239, 2744861 फैक्स नम्बर – 2742309
**E-MAIL : dir-ta-rj@nic.in**

# प्रस्तावना

निदेशालय कोष एवं लेखा वित्त विभाग के अधीन राज्य सरकार के वित्तीय लेखांकन तथा राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के संस्थापन तथा नियंत्रण के लिये उत्तरदायी है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत विभाग द्वारा निम्न मुख्य कार्य संपादित किये जा रहे हैं :–

- राज्य के सभी कोषालयों/उपकोषालयों पर तकनीकी एवं वित्तीय नियंत्रण।
- बजट एवं कोष कार्यालयों की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से स्थापित की गई एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली का संचालन।
- सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा राजस्थान कोषागार नियम में संशोधन हेतु राज्य सरकार को सुझाव/ प्रस्ताव देना।
- वित्त विभाग को मार्गोपाय स्थिति की नवीनतम जानकारी देने के लिए कोषालयों से प्राप्त विभिन्न विभागों के आय एवं व्यय के मासिक आंकड़े संकलित कर वित्त विभाग को उपलब्ध कराना।
- राज्य के कोषालयों द्वारा रक्षा पेंशन भुगतान से सम्बन्धित वाउचर रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन), इलाहाबाद को प्रेषित कर उसके पुनर्भरण प्राप्त करने के कार्य में महालेखाकार, राजस्थान को सहयोग प्रदान करना।
- राजस्थान अग्रिम जोखिम निधि का लेखा कोषालयों के माध्यम से संधारण।
- राज्य कर्मचारियों को दिये गये दीर्घकालीन ऋणों के खातों का कोषालयों के माध्यम से संधारण।
- राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम/द्वितीय एवं कनिष्ठ लेखाकार संवर्ग का संस्थापन एवं नियंत्रण।
- वित्त भवन का अनुरक्षण एवं रखरखाव।
- अल्प बचत एवं लॉटरी विभाग के बकाया कार्यों का निष्पादन।

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का संगठनात्मक ढ़ांचा | 1 |
| 2. | स्वीकृत पद | 2 |
| 3. | बजट प्रावधान (2025–26) | 3 |
| 4. | अधीनस्थ लेखा सेवा के पदों एवं पदोन्नतियों की स्थिति | 4 |
| 5. | अनुभागवार कार्य एवं प्रगति | 5-20 |
| i | कोष एवं बजट | 6-8 |
| ii | एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली | 9-15 |
| iii | कार्मिक अनुभाग | 16-17 |
| iv | प्रशासन | 18 |
| v | जाँच एवं विधि | 19 |
| vi | अल्प बचत | 20 |
| 6. | आलौच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धि | 21 |
| 7. | सार–संक्षेप | 22 |
| 8. | वित्त विभाग से संबंधित दूरभाष नम्बर | 23 |
| 9. | निदेशालय कोष एवं लेखा से संबंधित दूरभाष नम्बर | 24 |
| 10. | राज्य के कोषालयों का विवरण एवं दूरभाष नम्बर | 25-26 |
| 11. | राज्य के उपकोषालयों का विवरण एवं दूरभाष नम्बर | 27-34 |

# 1.विभाग का संगठनात्मक ढांचा



# 2.स्वीकृत पद

## निदेशालय में स्वीकृत पद

| क्र.सं. | पद का नाम | निदेशालय कोष एवं लेखा | | |
|---|---|---|---|---|
| | (अ) राजपत्रित अधिकारी | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
| 1. | निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 2. | परियोजना निदेशक IFMS सह अतिरिक्त निदेशक कोष एवं बजट | 1 | 1 | 0 |
| 3. | अतिरिक्त निदेशक | 2 | 1 | 1 |
| 4. | संयुक्त निदेशक | 4 | 3 | 1 |
| 5. | सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) | 1 | 1 | 0 |
| 6. | उप निदेशक | 3 | 3 | 0 |
| 7. | उप निदेशक कम ए.सी.पी | 1 | 1 | 0 |
| 8. | वरिष्ठ लेखाधिकारी | 2 | 2 | 0 |
| 9. | कोषाधिकारी (ई–कोषालय) | 1 | 1 | 0 |
| 10. | कोषाधिकारी (साईबर ट्रेजरी) | 1 | 0 | 1 |
| 11. | लेखाधिकारी | 7 | 7 | 0 |
| 12. | सहायक निदेशक | 7 | 4 | 3 |
| 13. | अतिरिक्त कोषाधिकारी | 2 | 0 | 2 |
| 14. | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | 18 | 18 | 0 |
| 15. | सहायक कोषाधिकारी | 3 | 1 | 2 |
| 16. | उप विधि परामर्शी | 1 | 1 | 0 |
| 17. | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 2 | 1 | 1 |
| 18. | प्रोग्रामर | 6 | 6 | 0 |
| 19. | वरिष्ठ निजी सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 20. | निजी सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 21. | अतिरिक्त निजी सचिव | 2 | 1 | 1 |
| 22. | संस्थापन अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| 23. | प्रशासनिक अधिकारी | 3 | 1 | 2 |
| 24. | अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी | 8 | 6 | 2 |
| | **योग (अ)** | **79** | **62** | **17** |
| | **(ब) अराजपत्रित अधिकारी** | | | |
| 1. | निजी सहायक ग्रेड–I | 2 | 0 | 2 |
| 2. | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II | 35 | 35 | 0 |
| 3. | निजी सहायक ग्रेड–II (आशुलिपिक) | 4 | 3 | 1 |
| 4. | कनिष्ठ लेखाकार | 46 | 30 | 16 |
| 5. | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 15 | 14 | 1 |
| 6. | वरिष्ठ सहायक | 26 | 24 | 2 |
| 7. | कनिष्ठ सहायक | 42 | 35 | 7 |
| 8. | सहायक प्रोग्रामर | 6 | 5 | 1 |
| 9. | सूचना सहायक | 3 | 3 | 0 |
| 10. | कनिष्ठ विधि अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| 11. | वाहन चालक | 3 | 1 | 2 |
| 12. | मशीन मैन | 1 | 0 | 1 |
| 13. | जमादार | 2 | 1 | 1 |
| 14. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 34 | 7 | 27 |
| | **योग (ब)** | **220** | **158** | **62** |
| | **योग (अ+ब)** | **299** | **220** | **79** |

**नोटः– 1.** कनिष्ठ लेखाकारो के रिक्त पदों के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I एवं सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II अस्थाई रूप से कार्यरत हैं।

## 3.बजट प्रावधान (2025-26)

राज्य निधि (राशि लाख रूपयों में)

| क्र. सं. | मद | वर्ष 2025-26 के लिये स्वीकृत मूल अनुदान | 31 दिसम्बर, 2025 तक व्यय | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | 2054-00-095-01-00 दत्तमत (निदेशालय) | 3423.31 | 2601.92 | |
| 2 | 2054-00-095-01-00 प्रभृत (निदेशालय) | 0.01 | 4.13 | |
| 3 | 2054-00-097-05-01 दत्तमत (कोष/उपकोष) | 20005.50 | 15732.05 | |
| 4 | 4059-80-051-(42)-00-17 | 2281.00 | 40.97 | |
| 5 | 4059-80-796-(02)-(01)<br>4059-80-789-(07)-(01)-17 | 280.00<br>360.00 | 0.00<br>0.00 | |
| 6 | 2054-00-097-(01)-00-05 | 70.00 | 27.42 | |
| 7 | 2054-00-097-(03)-00-62 | 9384.00 | 3067.18 | |
| 8 | 2054-00-800-05-01 (CMSDC) | 1902.13 | 8.11 | |
| 9 | 2054-00-190-01-01 | 287.77 | 100.00 | |
| 10 | 2054-00-800-06-01 | 1390.00 | 1028.00 | |
| 11 | 2054-00-800-07-01 (SHPP) | 3250.00 | 0.90 | |
| 12 | 2054-00-097-06-01 | 0.01 | 298.98 | उक्त बजट शीर्ष अनुपूरक अनुदान मांग (प्रथम) में खोला गया। |
| | योग | **42633.73** | **22909.66** | |

# 4. अधीनस्थ लेखा सेवा के पदों एवं पदोन्नतियों की स्थिति

| क्र. सं. | | कार्य का नाम | वर्ष | गत तीन वर्षो का प्रगति विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2025—26 | 2024—25 | 2023—24 | 2022—23 |
| 1. | | अधीनस्थ लेखा सेवा के स्वीकृत पद | | | | |
| | (1) | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I | 2639 | 2642 | 2573 | 2449 |
| | (2) | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II | 3912 | 3616 | 3815 | 3754 |
| | (3) | कनिष्ठ लेखाकार | 6025 | 5786 | 5722 | 5547 |
| 2. | | अधीनस्थ लेखा सेवा में नवीन नियमित नियुक्तियाँ | | | | |
| | (1) | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II | — | — | — | — |
| | (2) | कनिष्ठ लेखाकार | 5087 | 01 | — | — |
| 3. | | अधीनस्थ लेखा सेवा में/से पदोन्नतियाँ | | | | |
| | (1) | लेखाधिकारी | 93 | 126 | 194 | 128 |
| | (2) | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I | 1101 | 08 | 199 | 425 |
| | (3) | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II | — | — | 04 | 3300 |

# 5. अनुभागवार कार्य एवं प्रगति

# (i) कोष एवं बजट अनुभाग

कोष एवं बजट अनुभाग द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक (कोष एवं बजट) प्रभारी अधिकारी है।

1. बजट एवं कोष की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से स्थापित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली का संचालन, नियम/निर्देशों को जारी किए जाने एवं पर्यवेक्षण किया जाता है।
2. वित्तीय वर्ष 2022-23 से रक्षा पेंशनर्स के भुगतान संबंधित कोई वाउचर विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।
3. चालू वित्तीय वर्ष में रेलवे पेंशन भुगतान संबंधित कोई वाउचर प्राप्त नहीं हुआ है।
4. दीर्घकालीन ऋण–राज्य कर्मचारियों को दीर्घकालीन ऋणों के अदेय प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने दीर्घ कालीन ऋणों के संधारण का कार्य दिनांक 01.07.1988 से महालेखाकार, राजस्थान से अपने अधीन लिया जाकर कोष कार्यालयों के माध्यम से संपादित किया जाना प्रारम्भ किया गया। इसके साथ–साथ महालेखाकार से निम्नलिखित अवधि का बकाया कार्य भी राज्य सरकार द्वारा लिया गया :–

   i. भवन अग्रिम के दिनांक 01.04.1987 से 30.06.1988 तक का लेखों के संधारण।

   ii. वाहन अग्रिम के दिनांक 01.04.1986 से 30.06.1988 तक के लेखों का संधारण।

   दिनांक 01.07.1988 से दीर्घकालीन ऋणों के लेखों के संधारण का कार्य कोषालयों द्वारा किया जा रहा है एवं अदेयता प्रमाणपत्र देने से संबंधित कार्यवाही भी कोषालय स्तर पर ही की जाती है। निदेशालय द्वारा दिनांक 01.07.1988 से पूर्व के अपूर्ण खातों को संशोधित कर संबंधित कोषालय को भेजना, कोषालयों में अप्राप्त खातों की सत्य प्रति जारी करना एवं कोषालयों को मार्ग दर्शन देने का कार्य सम्पादित किया जाता है।

   दिनांक 31.03.2004 तक स्वीकृत भवनअग्रिम की कटौतियाँ वेतन माह मई, 2004 से एस.बी.बी.जे. (वर्तमान में एस.बी.आई.) सचिवालय ब्रांच, जयपुर को कोषाधिकारियों द्वारा डी. डी./चैक से भेजी जा रही थी। माह सितम्बर 2017 से पे–मैनेजर के माध्यम से ई–भुगतान से बैंक को उक्त राशि प्रेषण की जा रही है। इसमें अधिकांश खातों का अदेयताप्रमाण–पत्र जारी किया जा चुका है।
5. राजस्थान अग्रिम जोखिम निधि – दिनांक 01.04.1990 से राजस्थान अग्रिम जोखिम निधि का कार्य निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग से लिया जाकर कोषालयों द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। कोषालयों से प्राप्त अग्रिम जोखिम निधि की सूचना के आधार पर महा लेखाकार राजस्थान, जयपुर की ब्रॉडशीट के आंकड़ों से मिलान करना, बजट, मार्गदर्शन एवं नियन्त्रण निदेशालय द्वारा किया जाता है।
6. लोक सेवा गारन्टी अधिनियम, 2012 – कोष/उपकोष कार्यालयों से भुगतान की जाने वाली सिविल पेंशन को उक्त अधिनियम के अन्तर्गत लिया गया है। लोक सेवा गारन्टी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संयुक्त निदेशक (विधि) को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है।

## कोषालयों / उपकोषालयों के मुख्य कार्यः—

कोषालयों का प्रमुख कार्य राज्य सरकार के आय—व्यय के प्रारम्भिक लेखों का संकलन एवं संधारण करना है, जिनके आधार पर राज्य एवं केन्द्र सरकार के बीच समायोजन का कार्य भारतीय रिजर्व बैंक, लोक लेखा अनुभाग, जयपुर द्वारा किया जाता है। यह कार्य 01.10.1987 से पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक, नागपुर द्वारा किया जाता था। कोषाधिकारियों द्वारा मासिक लेखे महालेखाकार, राजस्थान को प्रस्तुत किये जाते हैं। वर्ष 2025-26 (दिसम्बर 2025 तक) के दौरान समस्त कोषाधिकारियों द्वारा मासिक लेखे समय पर महालेखाकार को प्रस्तुत किये गये हैं। कोष प्रणाली का समस्त कार्य एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली पर ही सम्पादित किया जा रहा है तथा मासिक लेखे एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के माध्यम से ऑनलाईन ही प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

1. राजस्थान में 49 कोष कार्यालय तथा 238 उपकोष व 9 पेंशन उपकोष कार्यालय कार्यरत है।
2. समस्त कोषालयों, उपकोषालयों एवं नई दिल्ली स्थित भुगतान एवं लेखाधिकारी द्वारा उनके निर्धारित कार्य क्षेत्र में स्थित राज्य सरकार के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के वेतन बिलों और अन्य प्रकार के बिलों को पारित कर इलेक्ट्रोनिक पद्धति से भुगतान किया जाता है। कोषाधिकारियों एवं उप कोषाधिकारियों से राजस्थान कोषागार नियमावली, वित्तीय नियमों एवं राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों के अनुसार वित्तीय अनुशासन बनाए रखना भी अपेक्षित है। आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषालयों / उपकोषालयों को ऑनलाईन बिल मय दस्तावेज प्रस्तुत किये जा रहे हैं।
3. सभी कोषालयों एवं उपकोषालयों द्वारा ज्यूडिशियल एवं नॉन—ज्यूडिशियल, शेयर हस्तान्तरण, नोटेरी, राजस्व आदि सभी प्रकार के स्टाम्पों की बिक्री, स्टाम्प वेण्डरों के माध्यम से एवं सीधी भी क्रेता को की जाती है। विभिन्न अनुबन्ध एवं दस्तावेज पर लगने वाले स्पेशल एडहेसिव स्टाम्प कोषालय / उप कोषालय द्वारा बिक्री किये जाते हैं। इस हेतु आईएफएमएस के अन्तर्गत स्टाम्प मॉड्यूल भी विकसित किया गया है।
4. राजकीय उपक्रम, बोर्ड, पंचायत समिति, जिला परिषद्, नगर पालिका, कृषि उपज मण्डी समिति एवं अन्य स्वायत्त शाषी संस्थाओं तथा निजी शिक्षण संस्थाओं के निजी निक्षेप खातों का संधारण भी कोषालयों / उपकोषालयों द्वारा किया जाता है।राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान / ऋण एवं अन्य प्रकार की राशि प्रथमतः इन निजी निक्षेप खातों में जमा की जाती है।इन खातों से राशि का आहरण दिनांक 01.09.2017 से ई—भुगतान प्रणाली द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। निजी निक्षेप खातें खोलने व राशि हस्तान्तरण का कार्य भी ऑन लाईन ही किया जा रहा है।
5. कोषालयों द्वारा राज्य सरकार के आय एवं व्यय के आंकड़ों का संकलन कर प्रत्येक माह की 15 तारीख तक लेखों की प्रथम सूची तथा अगले माह की 5 तारीख तक द्वितीय सूची महालेखाकार कार्यालय तथा निदेशालय कोष एवं लेखा को सिस्टम पर ऑन लाईन भेजी जाती है। दैनिक लेखा प्रेषण की कार्यवाही भी सिस्टम पर कोष कार्यालयों द्वारा की जा रही है।
6. राज्य कर्मचारियों को भवन निर्माण एवं वाहन क्रय हेतु उपलब्ध कराये गये ऋण के लेखों के संधारण का कार्य कोषालयों द्वारा किया जाता है एवं इस संबंध में अदेयता प्रमाण—पत्र भी संबंधित कोषालय द्वारा जारी किये जाते हैं।
7. रक्षा पेंशनर्स, रेलवे पेंशनर्स, राज्य तथा केन्द्र के स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व विधायक गण एवं अन्य राज्यों के पेंशनर्स को पेंशन का भुगतान संबंधित कोषालयों द्वारा किया जा रहा है।
8. राज्य पेंशनर्स को भुगतान आईएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है।
9. रक्षा पेंशनर्स के पेंशन भुगतान वाउचर कोषाधिकारियों द्वारा तथा महालेखाकार राजस्थान द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से PCDA इलाहाबाद को प्रस्तुत किये जा रहे हैं। जिसका पुनर्भरण UTR के तहत Online महालेखाकार, जयपुर को प्राप्त हो रहा है।

10. जयपुर में ई–कोषालय द्वारा ई–ग्रास के माध्यम से सभी राजस्व मदों में इलेक्ट्रॉनिक प्राप्तियों का संधारण एवं लेखांकन किया जा रहा है। ई–ग्रास के अंतर्गत वर्तमान में कर दाताओं/जमाकर्ताओं को 10 एजेन्सी बैंको यथा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, इण्डस्ट्रीयल डवलपमेन्ट बैंक ऑफ इण्डिया, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया एवं Axis बैंक के माध्यम से राशि जमा कराने का विकल्प उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त ई–ग्रास के तहत राजस्व जमा कर्ताओं को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के पेमेन्ट गेटवे एस बी आई ई–पे तथा पंजाब नेशनल बैंक के पी.एन.बी. गेटवे के माध्यम से राशि जमा करवाने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अंतर्गत जमाकर्ताओं को ई–ग्रास पर सीधे भुगतान हेतु अधिकृत 10 बैंकों के अतिरिक्त अन्य 47 बैंकों के माध्यम से भी ऑनलाइन (Net Banking/Debit/CreditCard/Maestro/Master/Visa/Rupay/Amex Card) राजस्व जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मैन्युअल भुगतान से जमा राजस्व (पीडी खातो व माइनस व्यय को छोड़कर) का भी संधारण ई–मोड पर ई–कोष द्वारा किया जा रहा है। ई–कोषालय को भारत सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अंतर्गत जी एस टी लेखांकन प्रक्रिया से भी संबद्ध कर एस जी एस टी मासिक लेखों को महालेखाकार कार्यालय को उपलब्ध करवाया जा रहा है। राजस्व संग्रहण हेतु पी एन बी पेमेन्ट गेट वे भी संयोजित कर दिया गया है, जिससे 47 बैंक संबद्ध हैं। एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को IFMS 3.0 के अंतर्गत तकनीकी परिवर्तन कर राजस्व प्रबंधन भी एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध करवाये जाने की व्यवस्था आगामी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध होगी। ई–कोषालय द्वारा राज्य सरकार के ई–राजस्व के साथ–साथ मैन्यूअल राजस्व जमा (पी.डी. खातों व माईनस व्यय को छोड़कर) के लेखों का संकलन कर महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत किया जा रहा है। RBI द्वारा NEFT/RTGS से राजस्व संग्रहण की सुविधा IFMS से सम्बद्ध की गई है, जिसमें राजस्व संव्यवहार के पूर्ण होने के साथ ही Real Time पर राज्य सरकार के खाते में जमा हो रहा है।
11. वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय अधिकारियों के द्वारा 06 कोषालयों एवं 11 उपकोषालयों के प्रशासनिक निरीक्षण दिनांक 31.12.2025 तक सम्पादित किये गये हैं।
12. कोष एवं उप कोष कार्यालयों के सृजन एवं भवन निर्माण की स्थितिः–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | | वर्ष | गत तीन वर्षों का प्रगति विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2025-26 | 2024-25 | 2023-24 | 2022-23 |
| 1 | कोषालयों/उप कोषालयों के संबंध में | | | | | |
| | 1 | नवीन कोषालयों का सृजन | 0 | 0 | 15 | 0 |
| | 2 | नवीन उपकोषालयों का सृजन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | 3 | नवीन भवन निर्माण | 0 | 0 | 0 | 0 |

13. केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संचालन हेतु भारत सरकार द्वारा लागू किऐ गये SNA-SPARSH (समायोजित प्रणाली एकीकृत शीघ्र हस्तांतरण) के अंतर्गत साइबर ट्रेजरी की स्थापना की गई है। इस कोषालय द्वारा वर्तमान में 70 CSS से सम्बद्ध लगभग 153 राज्य के लिंक्ड केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संव्यवहार सम्पादित किये जाते हैं, जिनमें से 70 SLS में संव्यवहार शुरू हो गये हैं। इसमें IFMS, PFMS, RBI, NPCI को सम्बद्ध किया गया है तथा 5 CSS में आधार आधारित भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

# (ii)एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली
## (Integrated Financial Management System)

एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली द्वारा सम्पादित किये जाने कार्यों के लिये निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक (कोष एवं बजट) एवं पदेन परियोजना निदेशक (IFMS) प्रभारी अधिकारी है। एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के अन्तर्गत राज्य सरकार के बजट व लेखांकन को ऑटोमेशन किया जा चुका है तथा वर्तमान में IFMS 3.0 के अन्तर्गत नवीन तकनीक में सभी प्रक्रियाएं विकसित की जा रही हैः–

**प्रथम चरण के अन्तर्गत–**

वर्ष 2010–11 में एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के प्रथम चरण के तहत निम्न प्रक्रियाएं विकसित की गई हैः–

1. उक्त परियोजना में कोषालय/उपकोषालय/डीडीओ ऑन लाइन सम्पर्क में है तथा राज्य के भुगतान व प्राप्तियां रियल टाईम बेसिस पर निदेशालय सम्बद्ध विभागों/कार्यालयों तथा वित्त विभाग में देखी जा सकती है कोषालयों द्वारा ऑनलाईन बजट नियंत्रण किया जा रहा है।
2. वित्त विभाग के मुख्य कार्यकलाप बजट लेखांकन, आय एवं व्यय का सम्पादन एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत किया जा रहा है।
3. उक्त प्रणाली के तहत कोष से संबंधित समस्त कार्य सभी कोषालयों/उप कोषालयों द्वारा सम्पादित किए जा रहे है। कोषालयों द्वारा ऑनलाइन प्रणाली मे उपलब्ध बजट सीमा तक ही बिल पारित किये जा रहे है।
4. वर्ष 2011-12 में एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के अन्तर्गत बजट मुद्रण, बी.एफ.सी. बैठको हेतु ऑनलाइन विभागीय प्रस्ताव, ऑनलाइन बजट आवटन, ऑनलाइन कोष कार्य, बैंकों/महालेखाकार को इन्टरफेस ऑनलाइन संवेतन बिल इत्यादि कार्य किये गये।
5. ऑनलाईन वेतन बिल प्रणाली दिनांक 01.04.2012 से समस्त कोषालयों में लागू की जा चुकी है जिसने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा ऑन लाईन वेतन बिल प्रेषित किये जा रहे है व कोषालयो द्वारा उन बिलों को ऑन लाईन पारित कर इलेक्ट्रोनिक पद्धति से वेतन तथा अन्य दावों का भुगतान किया जा रहा है।
6. दिनांक 16.08.2012 से समस्त राजकीय दावों का ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है।
7. दिनांक 01.12.2012 से ई–कोषालय स्थापित किया गया है जिसमें समस्त ऑन लाइन राजस्व प्राप्तियों का संकलन किया जा रहा है।
8. वर्ष 2012-13 में एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के अन्तर्गत निम्न सुविधाएं विकसित की गईः–
   - I. ऑन लाइन भुगतान प्रणाली।
   - II. आधार आधारित भुगतान प्रणाली।
   - III. ऑन लाइन बिल प्रस्तुतीकरण।
   - IV. बैंको से सीधे भुगतान स्टेट्स प्राप्त करने की प्रक्रिया।
   - V. ऑन लाइन स्क्रॉल।
   - VI. ई–भुगतान के माध्यम से राजस्व प्राप्ति हेतु ई–ग्रास का प्रारम्भ।
   - VII. ई–कोषालय की स्थापना।
   - VIII. इन्टरनेट बैंकिग से राजस्व जमा कराने की सुविधा।
   - IX. पी.डी. खातों के संधारण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था इत्यादि कार्य किये गये।

**द्वितीय चरण के अन्तर्गत–**

9. वर्ष 2013-14 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई हैः–
   I. ई–ग्रास से वाणिज्यिक कर विभाग के पोर्टल का इन्टीग्रेशन।
   II. सामाजिक सुरक्षा पेंशन के ऑनलाइन मॉड्यूल का विस्तार।
   III. सिविल पेंशन हेतु ऑनलाइन पीपीओ/जीपीओ सीपीओ जनरेशन करने की सुविधा।
   IV. बैंको द्वारा किए जा रहे मासिक पेंशन भुगतान की कोषालयों के स्तर पर जांच हेतु ऑनलाइन पेंशन चैक रजिस्टर।
   V. स्टैम्प्स के संधारण हेतु ऑनलाइन मॉड्यूल।
   VI. ई–ग्रास के अन्तर्गत मैनुअल जमा चालानों हेतु चालान जनरेट करने की सुविधा।
   VII. दिनांक 01.08.2014 से समस्त मैन्युअल चालान ई–ग्रास साईट से ही जनरेट किये जा रहे हैं।
10. वर्ष 2014-15 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई हैः–
   I. मैन्युअल जमा राजस्व के चालानों का ई–ग्रास से जनरेट कर जमा कराया जाना अनिवार्य किया गया।
   II. आबकारी विभाग, ई–मित्र, खान एवं भूगर्भ विभाग, परिवहन विभाग का इन्टीग्रेशन।
   III. ई.सी.एस. एवं एन.ई.एफ.टी के भुगतानों हेतु सिंगल फाइल जनरेट करने की सुविधा दी गई।
   IV. कर्मचारियों के आवास एवं वाहन ऋण हेतु एलटीए मॉड्यूल प्रारम्म किया गया।
   V. पेंशन के प्रथम भुगतान भी इलेक्ट्रोनिक माध्यम से किए जाने प्रारम्भ किए गए ।
   VI. ऑनलाइन बिल प्रणाली में बिलों की संबंधित ऑब्जेक्ट हैड से मैपिंग की गई जिससे संबंधित मद में ही बिल बनाया जा सके।
   VII. समस्त कोषालयों द्वारा बैंकों द्वारा किए गए सिविल पेंशन के भुगतानों की ऑनलाईन पेंशन चैक रजिस्टर से जांच कर स्वीकार किया जा रहा है।
   VIII. इस प्रणाली के अन्तर्गत एजेन्सी बैंकों व महालेखाकार कार्यालय को भी इन्टरफेस दिया जा चुका है, जिसके अन्तर्गत एजेन्सी बैंक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान व राजस्व प्राप्ति तथा स्क्रॉल उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं। महालेखाकार कार्यालय द्वारा भी इस प्रणाली के माध्यम से तैयार किए गए कोषालयों के लेखों के अनुसार ही इलेक्ट्रोनिक डेटा प्राप्त कर लेखों का संधारण किया जा रहा है।
11. वर्ष 2015-16 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई हैः–
   I. निर्माण विभागों के लेन–देनों को कोषालयों के माध्यम से किए जाने हेतु वित्त (जीएण्डटी) विभाग के परिपत्र दिनांक 14.09.2015 द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार प्रक्रिया पायलट आधार पर 5 डिविजनों में दिनांक 01.10.2015 से लागू की गई है।

निर्माण खण्डों के संव्यवहार कोषालय से किए जाने का कार्य सम्पूर्ण रूप से 01.04.2016 से समस्त खण्डों में लागू किया जा चुका है।

II. दिनांक 02.11.2015 से राज्य के राजस्व डेबिट/क्रेडिट कार्ड से जमा करवाने की सुविधा ई–ग्रास पर उपलब्ध करवाई गई।

III. प्रधान महालेखाकार कार्यालय को 5 कोषालयों का ई–लेखा (भौतिक वाउचर एवं चालानों के साथ) प्रस्तुत किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है।

12. वर्ष 2016-17 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई हैः–

I. पंचायतीराज कार्मिकों का वेतन भुगतान कोषालयों के माध्यम से किए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई।

II. ऑनलाईन अंक मिलान प्रक्रिया तीन बजट नियंत्रण अधिकारियों के साथ दिनांक 01.04.2016 से वित्त (बजट) विभाग के परिपत्र दिनाक 24.02.2016 के क्रम में पायलट बेसिस पर प्रारम्भ की गई।

III. पी.डी. खातों में इलेक्ट्रोनिक भुगतान की प्रक्रिया भी 4 पी.डी. खातों में दिनांक 01.11.2016 से पायलट बेसिस पर वित्त (आर्थिक मामलात) विभाग के परिपत्र दिनाक 30.09.2016 के क्रम में प्रारम्भ की गई।

IV. ई–भुगतान के संबंध में मोबाईल एप एवं एस.एम.एस. की सुविधा भी प्रारम्भ की गई।

V. ई–ग्रास पर ई–भुगतानों के संबंध में भी मोबाईल एप से संव्यवहार देखने की सुविधा विकसित कर ली गई।

13. वर्ष 2017-18 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई हैः–

I. राज्य कार्मिकों के ऑनलाईन यात्रा बिल प्रस्तुत किये जाने की प्रक्रिया दिनांक 01.09.2017 से प्रारम्भ की गई।

II. राज्य कार्मिकों के ऑन लाईन चिकित्सा बिल प्रस्तुत किये जाने की प्रक्रिया दो विभागों निदेशालय, कोष एवं लेखा मय कोषालयों/उप कोषालयों तथा निदेशक (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में पायलट के आधार पर दिनांक 15.09.2017 से प्रारम्भ की गई।

III. ई–ग्रास पर मोबाईल एप की सुविधा दिनांक 02.10.2017 से प्रारम्भ की गई।

IV. पी.डी. खातों मे इलेक्ट्रॉनिक भुगतान की प्रक्रिया सभी संस्थाओं/निगमों में दिनांक 01.09.2017 से प्रारम्भ की गई।

V. IFMS के तहत भामाशाह पोर्टल के माध्यम से इंटीग्रेशन कर भुगतान किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई।

VI. पी.डी. खातों में Sub-User बनाकर भुगतान किये जाने की सुविधा प्रारम्भ की गई है।

VII. सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन एवं एरियर भुगतान की सुविधा पे–मैनेजर पर उपलब्ध करवाई गई।

VIII. GST के लेखांकन की नवीन प्रक्रिया भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार तैयार करवाकर ई–कोषालय से संबद्ध की गई।

IX. सभी उप कोषाधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षरों से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी।

X. राजस्व प्राप्तियों से संबंधित मैन्युअल भुगतानों को ई–मोड़ पर स्थानान्तरित कर ई–कोष से संबद्ध किया गया जिसमें राजस्व जमाकर्ताओं को एजेन्सी बैंको की किसी भी शाखा में चालान के माध्यम से मैन्यूअल भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गयी।

XI. एस.बी.आई व एस.बी.बी.जे. बैंको को समामेलन के कारण IFMS में संबद्ध प्रक्रियाओं को पूर्णतया परिवर्तित किया गया।

XII. पी.डी. खातों के ऑनलाईन खोलने की प्रक्रिया कोषालयों से संबद्ध की गयी।

14. सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन एवं एरियर भुगतान की सुविधा पे–मैनेजर पर उपलब्ध करवाई गई है।

15. सभी उप कोषाधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षरों से इलेक्ट्रोनिक भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

16. दिनांक 01.08.2018 से राज्य कार्मिकों के चिकित्सा बिल ऑन लाईन प्रस्तुत किये जाने की सुविधा प्रारम्भ की गई।

17. वर्ष 2018-19 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की गई है–

I. दिनांक 01.10.2018 से GST TDS की कटौती किये जाने की सुविधा प्रारम्भ की गई है।

II. पे–मैनेजर व ई–ग्रास पर सुरक्षात्मक उपाय संयोजित किये गए।

III. पी.एन.बी. पेमेन्ट गेटवे हेतु आवश्यक इंन्टीग्रेशन ई–ग्रास से किया गया।

IV. निर्माण कार्यों हेतु बी एस आर मॉड्यूल विकसित किया गया।

18. वर्ष 2019-20 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) के तहत निम्नलिखित सुविधाएं प्रारम्भ की गई हैं–

I. दिनांक 01.04.2019 से सभी कोषालयों / उप कोषालयों का ई–भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक के ई–कुबेर पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ किया गया।

II. निर्माण विभागों हेतु ऑनलाईन बीएसआर तैयार करने एवं ऑनलाईन प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने की प्रक्रिया दिनांक 01.09.2019 से पायलट आधार पर 5 डिविजनों के साथ प्रारम्भ की गई है।

III. राजकीय संव्यवहारों / भुगतानों हेतु विभागों / आहरण वितरण अधिकारियों / पीडी खाता धारकों / खण्डीय खाता धारकों के लिए वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 13.09.2019 के द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश जारी कर कार्मिकों के मास्टर डेटा को विभागाध्यक्ष स्तर पर अधिकृत करने स्वीकृत पदों के कार्यालय वार वितरण, पेंशन अधिकृति के आधार पर लीव एन्केशमेंट का मॉड्यूल भी सम्बद्ध किया गया।

IV. ई–ग्रास पर भीम / यूपीआई को सम्बद्ध किया गया।

v. विधानसभा व लोकसभा चुनावों के दौरान कार्मिकों को देय भत्तों इत्यादि का भुगतान आईएफएमएस से सम्बद्ध कर ऑनलाईन किया गया।
vi. राजकोष पर कन्टीन्जेंसी मॉड्यूल को सम्बद्ध किया गया।

20. वर्ष 2020-21 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत निम्न सुविधाएं विकसित की गई–
   I. माह मार्च 2020 के मासिक लेखा की द्वितीय सूची से महालेखाकार कार्यालय को ऑनलाइन लेखा (ई–लेखा) दिनांक 01.04.2020 से ऑनलाईन प्रेषित किया जा रहा है।
   II. वित्त (आर्थिक मामलात) विभाग के परिपत्र दिनांक 15.05.2020 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 से महालेखाकार कार्यालय से अंक मिलान का कार्य ऑनलाइन प्रारम्भ किया गया है।
   III. वित्त (जीएण्डटी) विभाग के परिपत्र दिनांक 28.09.2020 के द्वारा निर्माण विभागों हेतु ऑनलाइन तकनीकी स्वीकृति कार्यादेश, जी–शिड्यूल व मेजरमेंट बुक तैयार करने संबंधी प्रक्रिया दिनाक 02.11.2020 से पायलट आधार पर प्रारम्भ की गई जिसे माह जनवरी, 2021 से समस्त निर्माण विभागों/वन विभागों में प्रारम्भ कर दिया गया है।

21. वर्ष 2021-22 में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत निम्न सुविधाएं विकसित की गई–
   I. निर्माण विभागों के कार्यों के समुचित पर्यवेक्षण हेतु तथा संवेदकों के भुगतानों में अधिक पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, कार्यादेश, बी.एस.आर, जी–शिड्यूल व मेजरमेंट बुक से संबंधित समस्त प्रक्रियाएँ विकसित की गई, जिसे वित्त (जी.एण्ड टी.) विभाग के परिपत्र दिनांक 01.01.2021, 15.03.2021 के द्वारा समस्त निर्माण विभागों/वन विभाग के समस्त निर्माण/वन खण्डों में दिनांक 01.04.2021 से लागू किया गया है।
   II. वित्त (आर्थिक मामलात) विभाग के परिपत्र दिनांक 17.06.2021 के द्वारा कार्मिकों के वेतन बिलों की ऑटोमेशन की प्रक्रिया माह जुलाई, 2021 के वेतन बिलों के साथ प्रारम्भ की गई हैं।
   III. वित्त (जीएण्डटी) विभाग के परिपत्र दिनांक 12.08.2021 के द्वारा टेलीफोन एवं पत्र–पत्रिकाओं के व्यय पुनर्भरण की ऑटोमेशन प्रक्रिया माह सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ की गई हैं।
   IV. एनपीएस कटौतियों के बिलों एवं सीआरए को राशि हस्तातरण किये जाने की प्रक्रिया का ऑटोमेशन माह दिसम्बर, 2021 से प्रारम्भ किया गया है। जिसके अंतर्गत संबंधित कार्मिकों की कटौतियां व नियोक्ता अंशदान को बिना किसी विलम्ब के वेतन भुगतान के साथ–साथ ही एनएसडीएल को हस्तांतरित किया जा रहा है।
   V. योजना संचालन के लिए एकल नोडल बैंक खाता एवं एकल नोडल पीडी खाते के माध्यम से संव्यवहार करने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अंतर्गत केन्द्रीकृत रूप से योजना संचालन का पर्यवेक्षण संभव होगा तथा सभी परिलाभ हस्तांतरण भी ई–भुगतान के माध्यम से ही होगें।

22. वर्ष 2022-23 में एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के तहत् निम्नांकित सुविधाएं विकसित की गई–
   I. वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग के परिपत्र दिनांक 21.03.2022 के अनुसार दिनांक 01.04.2022 में बिल रेफरेन्स नम्बर को ही बिल नम्बर माना जा रहा है।

II. वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग के परिपत्र दिनांक 06.04.2022 के अनुसार दिनांक 01.05.2022 से यूनिफाईड निजी निक्षेप खाता पद्धति प्रारम्भ की गई है।
III. वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग के परिपत्र दिनांक 13.04.2022 के द्वारा ऑनलाईन जमा हुए राजस्व चालानों को विभाग द्वारा डिफेस किए जाने के पश्चात् रिफण्ड किए जाने के संबंध में दिशा—निर्देश जारी किए गये है।
IV. वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग के परिपत्र दिनांक 09.06.2022 के द्वारा राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग से संबंधित दावों यथा राज्य बीमा/जीपीएफ ऋण/आहरण/स्वत्व आदि जो एसआईपीएफ विभाग के पोर्टल से जारी होते हैं, का भुगतान संबंधित कोषालय के स्थान पर केन्द्रीयकृत रूप से कोषालय, जयपुर (शहर) से प्रारम्भ किया गया है।
V. वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग के परिपत्र दिनांक 15.06.2022 के द्वारा राजकीय कार्यालयों के विद्युत व्यय बिलों का ऑटोमेशन दिनांक 15.06.2022 से प्रारम्भ किया गया है।

<u>तृतीय चरण के अन्तर्गत—</u>

23. IFMS 3.0 के तहत नवीन तकनीक Oracle Helidon के साथ सभी एप्लीकेशन विकसित की जा रही है तथा वर्ष 2023—24 में निम्न प्रक्रियाएं एस.एस.ओ. से सम्बद्ध कर विकसित कर लागू की गई हैः—

I. Work Flow प्रबंधन व User Managment लागू किया गया हैं।
II. राज्य कार्मिकों को दिनांक 01.06.2023 से Earned Salary Advance Drawal की सुविधा IFMS 3.0 के तहत उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
III. राज्य कार्मिकों को सेवानिवृति के दिन ही समस्त पेंशन स्वीकृतियां जारी करवाने की सुविधा IFMS 3.0 के तहत दिनांक 01.06.2023 से प्रारम्भ की गई हैं।
IV. IFMS 3.0 के तहत कार्मिकों से संबंधित प्रक्रियाएं एवं वेतन अन्य बिल संवेतन एरियर, डीए एरियर, सरेण्डर एरियर, बोनस, दोहरा भत्ता, Partial Pay इत्यादि तैयार करने की सुविधा भी शीघ्र उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
V. राज्य कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन व आईडी जनरेट की जा रही हैं। कार्मिकों के Joining/Relieving व अन्य स्वीकृतियों को भी संबद्ध किया गया हैं। मासिक पेंशन भुगतान, जीपीओ/सीपीओ भुगतान फैमिली पेंशन, लाईफ सर्टिफिकेट, वी.आर.एस., सी.आर.एस. इत्यादि भी IFMS 3.0 पर संपादित किये जा रहे हैं।
VI. SNA-SPARSH: भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं हेतु लागू SNA SPARSH को राजस्थान में IFMS 3.0 से संबद्ध कर देश में सर्वप्रथम चालू किया गया तथा वर्तमान में 70 CSS की 153 SLS इसके अंतर्गत संचालित की जा रही हैं।
VII. केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के भुगतान हेतु नवीन कोषालय State Cyber Treasury for Schemes का भी गठन किया गया हैं। IFMS का इंटीग्रेशन NPCI, PFMS, RBI से किया गया हैं। भारत सरकार के मंत्रालयों के सॉफ्टवेयर OMAS व NAREGA से भी इंटीग्रेशन किया गया हैं ।
VIII. बजट मॉड्यूल के अन्तर्गत बीएफसी व बजट वॉल्यूम से संबंधित कार्य IFMS से जोड़ा गया।
IX. कोष प्रणाली, ई—कुबेर भुगतान मासिक लेखा प्रेषण (Cyber Treasury) से प्रारम्भ किया गया।
X. A&F TS, BSR Work के अंतर्गत विकसित की गई।

XI. वर्ल्ड बैंक के प्रोजेक्ट SPFM के अंतर्गत विकसित IMS व ICDMS मॉड्यूल को IFMS 3.0 के अंतर्गत संबद्ध कर Pilot आधार पर लागू किया गया हैं।

XII. ITMS के अंतर्गत कार्मिकों के संवेतन व संवेदकों के भुगतानों में इनकम टेक्स के प्रोजेक्शन प्रारम्भ किये गये हैं।

XIII. पेंशनर्स को पेंशन एडवांस दिये जाने की सुविधा दिनांक 01.10.2024 से लागू की गई हैं।

XIV. NPCI, RBI, IFMS व PFMS को संबद्ध कर ABPS भुगतान राजस्थान द्वारा भारत में प्रथमतया अक्टूबर 2024 में लागू किया गया।

24. वित्तीय वर्ष 2024–25 में IFMS 3.0 के तहत निम्न प्रक्रियाओं को विकसित कर प्रारम्भ किया गया :–

I. राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बजट, संव्यवहार एवं लेखांकन प्रक्रियाओं को IFMS 3.0 में नवीन तकनीक पर पारदर्शिता, सुगमता व नियन्त्रणों के साथ Single Sign Login से उपलब्ध करवाये जाने की प्रणाली प्रारम्भ की गई है।

II. उक्त प्रणाली के अन्तर्गत राज्य कार्मिकों एवं पेंशनर्स को भुगतानों की सूचना मोबाईल एप से भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

III. निर्माण कार्यों हेतु जारी की जाने वाली ऑनलाईन प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया IFMS 3.0 के अन्तर्गत दिनांक 01.08.2024 से प्रारम्भ की गई है।

IV. निर्माण विभागों के स्तर पर तैयार की जाने वाली ऑनलाईन BSR तैयार कर सभी विभागों को कार्य हेतु उपलब्ध कराने के लिये ऑनलाईन BSR प्रक्रिया दिनांक 01.10.2024 से प्रारम्भ कर दी गई है।

25. आलोच्य वर्ष 2025–26 में IFMS 3.0 के तहत निम्न प्रक्रिया विकसित कर प्रारम्भ की गई–

I. पंचायतीराज संस्थाओं एवं निजी निक्षेप खातों से सम्बद्ध संस्थाओं के कार्मिकों के मास्टर डेटा संधारण, रजिस्ट्रेशन संवेतन बिल जनरेट, कोष प्रणाली एवं ई–भुगतान एवं डीडीओ मैपिंग संबंधी कार्य।

II. निर्माण कार्यों से संबंधित IFMS में विकसित तकनीकी स्वीकृति जारी करने की प्रक्रिया 15.01.2025, BOQ (Bill of Quantity) तैयार करने की प्रक्रिया 31.01.2025 एवं कार्यादेश जारी करने की प्रक्रिया 10.02.2025 से प्रारम्भ की गई।

III. निर्माण कार्यों से संबंधित Online MB (Measurement Book) तैयार करने की प्रक्रिया IFMS 3.0 पर दिनांक 22.07.2025 से प्रारम्भ की गई।

IV. निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण विधानसभा/संसदीय क्षेत्रवार किए जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए IFMS 3.0 पर निर्माण कार्यों से संबंधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने हेतु दिनांक 03.11.2025 से MLA Constituency एवं MP Constitutency का इंद्राज सिस्टम पर किया जाना अनिवार्य किया गया।

# (iii) कार्मिक अनुभाग

अधीनस्थ लेखा संवर्ग के नियुक्ति अधिकारी निदेशक, कोष एवं लेखा हैं। अधीनस्थ लेखा सेवा अनुभाग प्रथम जिसके प्रभारी अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–प्रथम) हैं, द्वारा राजस्थान अधीनस्थ सेवा संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का संस्थापन संबंधी कार्य किया जाता है। अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग अनुभाग द्वितीय एवं तृतीय, जिसके प्रभारी संयुक्त निदेशक (कार्मिक–द्वितीय एवं तृतीय) हैं, द्वारा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II तथा खण्डीय लेखाकार एवं कनिष्ठ लेखाकारो के संस्थापन का कार्य किया जाता है। राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के लेखाकर्मियों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों के संधारण का कार्य गोपनीय अनुभाग द्वारा किया जाता है, जिसके प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–प्रथम) है। कार्मिक अनुभाग द्वारा निम्न लिखित कार्य किए जाते हैं :–

1. राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग का प्रशासनिक नियंत्रण तथा तत्सम्बन्धी कार्य।
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा चयनित कनिष्ठ लेखाकारों की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं पदस्थापन सम्बन्धी कार्य।
3. राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के लेखाकर्मियों का विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I/II एवं कनिष्ठ लेखाकारों के स्वीकृत पदों पर पदस्थापन।
4. राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग की वरिष्ठता सूची जारी करना।
5. कनिष्ठ लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II तथा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I एवं सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I से लेखाधिकारी के पदों पर पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित करना ।

- लेखाधिकारी पद की पदोन्नति पर माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण में स्थगन होने के कारण सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I से लेखाधिकारी तथा सहायक लेखाधिकारी–II से सहायक लेखाधिकारी–I की पूर्व में लंबित वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हाल ही में आयोजित हुई है तथा कनिष्ठ लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी–II की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति हेतु वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 की नियमित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक का आयोजन वर्तमान में प्रक्रियाधीन है।

6. कार्मिक अनुभाग की गोपनीय शाखा द्वारा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II एवं कनिष्ठ लेखाकारों के वार्षिक कार्य मूल्याकंन प्रतिवेदन सम्बन्धी पत्रावलियों का संधारण, डी.पी.सी., चयनित वेतनमान/एसीपी स्वीकृति हेतु एपीएआर सम्बन्धी आकलन प्रपत्र तैयार करना एवं सहायक लेखाधिकारियों की स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी सूचना एकत्र कर तथा अधीनस्थ लेखा

संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I/II व कनिष्ठ लेखाकार के प्राप्त तथा अप्राप्त वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवदेनों की सूची वेबसाईट पर अपलोड कराने का कार्य सम्पादित किया जाता है।

7. वर्ष 2025 में कनिष्ठ लेखाकार के पदों पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियमों के अन्तर्गत शहीद आश्रित कोटे में 22 अनुकम्पात्मक नियुक्तियां प्रदान की गई।

8. दिनांक 31.12.2025 को अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की संख्या निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | 2639 | 2544 | 95 |
| 2. | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II | 3912 | 2303 | 1609 |
| 3. | कनिष्ठ लेखाकार | 6025 | 5173 | 852 |
| | योग | **12576** | **10020** | **2556** |

# (iv) प्रशासन

प्रशासन अनुभाग द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो के लिये निदेशालय में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी हैं। प्रशासन अनुभाग द्वारा मुख्य रुप से निम्नलिखित कार्य सम्पादित किये जाते हैं:—

1. **संस्थापन शाखा** – विभाग के अधीन कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति कार्य, वार्षिक वेतन वृद्वि स्वीकृति, एसीपी/चयनित वेतनमान स्वीकृति, अनुकम्पात्मक नियुक्ति, सेवानिवृति पर पेंशन स्वीकृत करवाने संबंधी कार्य तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सेवा प्रदायगी प्रकोष्ठ से संबंधित प्रशासनिक कार्य संपादित किये जाते हैं।
2. **भुगतान शाखा** – विभाग में कार्यरत स्टाफ के मासिक संवेतन, समर्पित अवकाश भुगतान, सेवानिवृति पर अनुपयोजित उपार्जित अवकाशों के एवज में भुगतान, कार्यालय संचालन हेतु विद्युत, पानी, वाहन किराया, कम्प्यूटर किराया राशि का भुगतान, भवन की सुरक्षा में लगे गार्डस् को मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है।
3. **स्टोर/भण्डार शाखा** – विभाग में दैनिक कार्य में उपयोग यथा फर्नीचर स्टेशनरी कम्प्यूटर संबंधी सामान का क्रय एवं रख रखाव व पुराने तथा अप्रचलित सामान की नीलामी करने संबंधी कार्य, भवन के रख रखाव व भवन की सुरक्षा से संबंधित कार्य किये जाते हैं।
4. **रिकॉर्ड शाखा** – विभाग की पुरानी पत्रावलियों का संधारण किया जाता है।
5. **पत्र प्राप्ति व प्रेषण शाखा** – इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विभाग में रोजाना प्राप्त होने वाले पत्रों की प्राप्ति एवं प्रेषित किये जाने वाले पत्रों का प्रेषण संबंधित अनुभाग में किया जाता है। कार्य में सुविधा की दृष्टि से एक कार्मिक प्रेषित किये जाने वाले पत्रों से संबंधित कार्य यथा डाक रजिस्टर संधारण, काम में लिए पोस्टेज स्टैम्प्स का रजिस्टर व प्रेषित किये जाने वाले पत्रों को भेजने संबंधी कार्य करता है तथा दो कार्मिक विभाग में आने वाले पत्रों को प्राप्त करना, प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज कर संबंधित शाखा की डाक पंजिका में दर्ज कर संबंधित शाखा में भिजवाने का कार्य संपादित करते हैं।
6. **सूचना प्रौद्योगिकी शाखा** – निदेशालय के अन्तर्गत सूचना प्रोद्योगिकी संबंधी कार्यो के निष्पादन के लिए एक सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), एक प्रोग्रामर, दो सहायक प्रोग्रामर एवं एक कनिष्ठ सहायक कार्यरत है। अनुभाग द्वारा निदेशालय के सभी अनुभागों एवं कोषालयों व उपकोषालयों द्वारा संपादित किये जाने वाले कार्यो में आई.टी. संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) निदेशालय की वेबसाईट के नोडल अधिकारी हैं।

# (v) जांच एवं विधि अनुभाग

**जांच अनुभाग** – जांच अनुभाग द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए निदेशालय में सहायक निदेशक, जांच शाखा के प्रभारी अधिकारी हैं। इस अनुभाग द्वारा राजस्थान अधीनस्थ लेखा संवर्ग एवं निदेशालय के मंत्रालयिक तथा चतुर्थ श्रेणी सेवा के कार्मिकों के जांच संबंधी प्रकरणों का नि  पादन किया जाता है। आलोच्य वर्ष में सीसीए–16 में 33 एवं 17 में 39 आरोप पत्र जारी किये गये हैं।

